पंजाब केसरी 07/12/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में भागवत गीता पर आधारित भाषण प्रतियोगिता में भाग लेतं छात्राएं। (देवदत्त)

जी.एम.एन. कॉलेज में भागवत गीता पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

अम्बाला, 6 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के हिन्दी एवं जनसंचार विभाग ने छात्रों में दार्शनिक, नैतिक और जीवन के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से भागवत गीता पर आधारित एक प्रेरणादायक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भागवत गीता की शिक्षाओं से जोड़ना और उन्हें जीवन में इन आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता के लिए मुख्यत: 'आज की दुनिया में भागवत गीता की प्रासंगिकता', 'भागवत गीता से सीखे जाने वाले जीवन के सबक' और 'भागवत गीता का सार एवं इसका जीवन पर प्रभाव' विषयों को लिया गया।

विद्यार्थियों ने गीता के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार प्रस्तुत किए। विभिन्न छात्रों ने 'गीता का सार' विषय पर प्रभावशाली भाषण देते हुए प्रतियोगिता में कई अनोखे दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उनके भाषण ने दर्शकों एवं निर्णायकों को गीता की गहराई और उसके व्यावहारिक पहलुओं के महत्व को समझने का अवसर प्रदान किया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि भागवत गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला सिखाती है। इस तरह की गतिविधियां छात्रों को गीता की दार्शनिकए नैतिक और व्यावहारिक शिक्षाओं से जोड़ने में मदद करती हैं। यह प्रतियोगिता एक संवादात्मक और प्रभावी तरीके से छात्रों को इस प्राचीन ज्ञान से जोड़ने का प्रयास है। प्रतियोगिता में लगभग 20 प्रतिभागियों ने अपने विचारों और ज्ञान से गीता की शिक्षाओं को आधुनिक संदर्भों में प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल ने छात्रों के विचारों की गहराई और प्रस्तुति के आधार पर उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन किया।

इस कार्यक्रम की संयोजिका एवं जनसंचार विभाग की सहायक प्रोफैसर सुषमा शर्मा ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से कॉलेज का उद्देश्य छात्रों में गीता के अद्भुत ज्ञान को प्रसारित करना है, ताकि वे अपने जीवन में इन आदर्शों को आत्मसात कर सकें और एक बेहतर समाज की ओर कदम बढ़ा सकें।